हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025

06 सृजन कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं में होता है ...



07 नगर पालिका परिषद ने धूमधाम से मनाया गौरव दिवस





## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने दिए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा संदेश, इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने का किया आह्वान



**गुना।** जिले के कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके लिए हमें पारंपरिक निर्भरता कम करते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाना होगा। श्री कान्याल यह विचार टाटा सिएरा व्हीकल की अनवीलिंग के अवसर पर व्यक्त कर रहे थे, जहां वे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री कान्याल ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण की चुनौती से निपटने के लिए सरकार के साथ-साथ समाज के हर वर्ग को जिम्मेदारी निभानी होगी। क्योंकि टेबल के इस पार एक परसेंट लोग होते हैं जबकि दूसरी तरफ 99% लोग हैं।इलेक्ट्रिक वाहन न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक हैं, बल्कि ईंधन बचत और भविष्य के मजबूत विकल्प हैं। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाकर हरित भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं। यातायात नियमों का पालन करें वाहन चलाते वक्त दोपहिया वाहन चालकों का विशेष ध्यान रखें।इस अवसर पर शहर के जाने-माने समाजसेवी भजन सेठ भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में सेठ एंड संस टाटा कार्स के विनीत सेठ ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देने के लिए चलाई जा रही योजनाओं की सराहना की। उन्होंने अपने प्रयासों से चार्जिंग स्टेशन लगवाने में मिली कामयाबी का भी जिक्र किया।कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, ऑटोमोबाइल क्षेत्र से जुड़े लोग और टाटा कार्स के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सेवा प्रकल्प के रूप में मनाया महाराजा सूरजमल जी का बलिदान दिवस



**गुना।** अखिल भारतीय जाट महासभा एवं जाट सोशल ग्रुप गुना द्वारा विनायक खेड़ी स्थित शिव कॉलोनी में महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रुप के सदस्यों ने महाराजा सूरजमल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान डॉक्टर देवेन्द्र सिंह राणा ने महाराजा सूरजमल के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला और अखिल भारतीय जाट महासभा गुना के अध्यक्ष जय सिंह जाट ने कहा कि महाराजा सूरजमल जी ने अपने जीवन काल में लगभग 80 युद्ध लड़े और हर युद्ध को जीता। जाट सोशल ग्रुप के संस्थापक देवेन्द्र सिंह सोलंकी ने भी सूरजमलकी वीर गाथा पर प्रकाश डाला व अरविंद जाट, दीपक चौधरी, नितिन जाट, लोकेश जाट ने भी अपने विचार रखे।कार्यक्रम का संचालन युवा कोषाध्यक्ष साहब सिंह जाट ने किया एवं विशाल जाट गोरा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के पश्चात विनायक खेड़ी शिव कॉलोनी में वृक्षारोपण किया गया व बस्ती के निर्धन बच्चों को अल्पाहार कराया। इस दौरान बबलू जाट, मनोज जाट, महेंद्र मामा जाट,मधुसूदन जाट, कुलदीप जाट, मयंक जाट, विशाल जाट आदि उपस्थित रहे।

### बीएलओ का कार्य सरहद पर तैनात जवानों जैसा, विकास सक्सेना का हुआ सम्मान



**गुना** । सोनी कॉलोनी परिवार और पतंजलि योग समिति द्वारा इंदिरा पार्क पर वार्ड क्रमांक 17 के बीएलओ विकास सक्सेना का शाल-श्रीफल भेंट कर भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर उम्मेद मलगोलेछा ने कहा कि जो कार्य सैनिक सरहद पर कर रहे हैं, वही समर्पण बीएलओ क्षेत्र में दिखा रहे हैं। विकास सक्सेना ने अपने वार्ड के 1150 मतदाताओं का कार्य समय से पूर्व पूरा कर उत्कृष्ट मिसाल पेश की है। कार्यक्रम में पार्षद प्रदीप सवैया, कैलाश धाकड़, विकास टांटिया, विवेक टांटिया, अनिल जैन, आरके जैन, झा साहब, शरद सक्सेना, विपिन टाटिया, महावीर श्रीमाल और गायत्री परिवार की श्रीमती मिश्रा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### मध्यप्रदेश लेखक संघ इकाई गुना द्वारा अटल जी के जन्मदिन पर काव्य गोष्ठी आयोजित

**गुना** । मध्यप्रदेश लेखक संघ इकाई गुना द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न एवं कवि अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर काव्य गोष्ठी का आयोजन ब्रेन टूल्स गुना में किया। जिसमें संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह सेंगर ने अध्यक्षता जबकि मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति इकाई गुना की अध्यक्ष नीलम कुलश्रेष्ठ के मुख्य आतिथ्य एवं शाईर प्रेम सिंह प्रेम के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजन हुआ।अध्यक्षता करते हुए कवि अनिरुद्ध सिंह सेंगर ने कहा अटल जी अटल थे अटल ही रहे,कर्मपथ पर सदैव अडिग ही रहे, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रहरी थे, जीवन पर्यन्त सजग ही रहे। कवि प्रेम सिंह प्रेम ने यूं कहा जिंदगी जो भी गमगीन होती है, ऐ दोस्त बहुत हसीं होती है।

# 69वीं बालक अंडर-14 राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आज से होगा शुभारंभ

### शिक्षा विभाग ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर दी महत्वपूर्ण जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, गुना के तत्वावधान में 69वीं बालक अंडर-14 राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 26 दिसंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है।

पत्रकार वार्ता आयोजित करके अपर कलेक्टर अखिलेश जैन एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल ने बताया किइस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 27 प्रदेशों एवं 7 संगठनों से कुल 341 खिलाड़ी (कोच, मैनेजर, तकनीकी अधिकारी एवं रेफरी सहित) भाग लेंगे। प्रतियोगिता में 11 वजन वर्गों में बालक खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।प्रतियोगिता के




सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन, खेल विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजन स्थल शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुना में बॉक्सिंग एरीना तैयार किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन एवं समापन समारोह भी यहीं आयोजित किया जाएगा।

प्रतियोगिता के सुचारु संचालन हेतु स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (लखनऊ) से ऑब्जर्वर श्री शरद पंसारी की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। साथ ही लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर भी शीघ्र गुना पहुंचेंगे।खिलाड़ियों के आवास की व्यवस्था शासकीय उत्कृष्ट उमावि गुना के छात्रावास, बालिका छात्रावास संदीपनि उमावि, हॉस्टल एवं नवोदय विद्यालय छात्रावास में की गई है। खिलाड़ियों को रेलवे स्टेशन से आवास स्थल तक पहुंचाने के लिए विशेष डेडिकेटेड टीम तैनात की गई है।

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार खिलाड़ियों एवं अधिकारियों के लिए कॉमन मेस व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है।

### एबी रोड की मरम्मत से शहर की थमी रफ्तार, लोगों ने तलाशे वैकल्पिक मार्ग

# अपने वाहनों को मोड दिया बाजार की ओर फिर लगा गलियों में भी भीषण जाम





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर की जीवनरेखा मानी जाने वाली एबी रोड पर चल रहे मरम्मत कार्य ने आमजन की परेशानी को कई गुना बढ़ा दिया है। सड़क पर डामरीकरण और गड्ढा भराई का कार्य जारी है, जिसके चलते एबी रोड को एक साइड से बंद कर दिया गया है। इसका सीधा असर न सिर्फ मुख्य मार्ग पर दिखाई दे रहा है, बल्कि शहर की अंदरूनी गलियां भी जाम की चपेट में आ गई हैं।

#### दबाव बढ़ने के कारण वाहन रेंगते रहे

एबी रोड पर यातायात दबाव बढ़ने के कारण वाहन रेंगते नजर आ रहे हैं। लंबा जाम लगने से बचने के लिए लोग गलियों और वैकल्पिक मार्गों का सहारा ले रहे हैं, लेकिन ये संकरी सड़कें अचानक बढ़े ट्रैफिक का बोझ सहन नहीं कर पा रही हैं। नतीजतन, शहर की गलियों में भी वाहन फंस गए हैं और जगह-जगह अफरा-तफरी का माहौल बन गया है।

#### आपस में उलझते और टकराते वाहन

हड़बड़ी में निकल रहे वाहन चालकों के कारण कई स्थानों पर दोपहिया और चारपहिया वाहन आपस में उलझते और टकराते देखे जा रहे हैं। खासकर स्कूली समय, दफ्तर आने-जाने के वक्त और बाजार क्षेत्र में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। पैदल चलने वालों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

#### मरम्मत कार्य दिनदहाड़े कराने के बजाय रात के समय किया जाता

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि यह मरम्मत कार्य दिनदहाड़े कराने के बजाय रात के समय किया जाता, तो शहर को इस तरह की भारी परेशानी नहीं झेलनी पड़ती।

रात में यातायात का दबाव कम रहता है, जिससे न तो मुख्य सड़क पर जाम लगता और न ही गलियों में वाहनों की भीड़ उमड़ती।

#### लोगों ने प्रशासन से मांग की है

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अभी इस मार्ग पर आगे की दिशा में भी कार्य होना है तो कृपया करके या तो कार्य को रात में कराया जाए या फिर वैकल्पिक मार्गों पर यातायात व्यवस्था और पुलिस बल तैनात कर ट्रैफिक को सुचारू किया जाए।

#### मरम्मत जरूरी तो है, लेकिन उचित योजना बनाई जाए

फिलहाल एबी रोड की मरम्मत जरूरी तो है, लेकिन उचित योजना और समय निर्धारण के अभाव में यह काम शहरवासियों के लिए बड़ी मुसीबत बनता जा रहा है। पहले जहां गढ्डो से लोगों को परेशानी हो रही थी तो वहीं अब मरम्मत भी परेशानी का सबब बन गई है।



## आबकारी और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई 5.84 लाख की अवैध मदिरा और लाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना एवं शसंदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । जिला आबकारी अधिकारी सीमा सक्सेना एवं एसडीओपी सहाब तथा एसडीएम सहाब चांचौडा के मार्गदर्शन में 25 दिसंबर को आबकारी वृत्त चांचौड़ा के प्रभारी एल. आर. करोसिया एवं टी.आई. सहाब चांचौड़ा मय बल के ग्राम भानपुरा में तड़के दबिश दी गयी तो डेरो में हड़कंप मच गया। दबिश दौरान म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)A, F व 34(2) के तहत 02 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। उक्त कार्यवाही में 121 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 5600 कि. ग्रा. गुड़ लाहन जब्त किया, लाने की असमर्थता के कारण सेंपल लेकर शेष लहान मौक़े पर ही नष्ट किया गया, जप्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 5.84 लाख रुपये है। कार्यवाही में चांचौड़ा पुलिस के साथ आबकारी आरक्षक अरुण कुमार शर्मा, दिनेश कुमार राठौर महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी की भूमिका सराहनीय रही। आबकारी विभाग लगातार अपनी कार्यवाही में सजगता दिखा रहा है।

## गुना पुलिस के लिए हैप्पी न्यू ईयरः अब जन्मदिन और एनिवर्सरी पर मिलेगी छुट्टी एसपी अंकित सोनी का मानवीय फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के पुलिसकर्मियों के लिए नया साल खुशियों की नई सौगात लेकर आने वाला है। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने एक बेहद संवेदनशील फैसला लेते हुए जिले के पुलिस बल के लिए नए 'अवकाश नियम' जारी किए हैं। अक्सर कठिन ड्यूटी और काम के दबाव के कारण पुलिसकर्मी अपने परिवार के विशेष अवसरों में शामिल नहीं हो पाते थे, जिससे उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता था। इसी 'पुलिस कल्याण' को केंद्र में रखते हुए एसपी ने आदेश दिया है कि अब पुलिसकर्मी अपने स्वयं के जन्मदिन, जीवनसाथी के जन्मदिन, बच्चों के जन्मदिन और अपनी शादी की सालगिरह पर एक दिन का अनिवार्य आकस्मिक अवकाश ले सकेंगे। यह आदेश 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगा, जिससे जवान अपने परिवार के साथ यादगार पल साझा कर सकेंगे।खुशियों के साथ ही एसपी ने विषम परिस्थितियों में भी अपने मातहतों का साथ देने का संकल्प दोहराया है। आदेश के अनुसार, यदि किसी पुलिसकर्मी के परिवार में किसी घनिष्ठ परिजन का देहांत होता है, तो इसे अत्यंत संवेदनशील विषय मानकर बिना किसी कागजी देरी के तत्काल अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। थानों और कार्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी कर्मचारियों की जन्मतिथि और विवाह वर्षगांठ का एक कैलेंडर संधारित करें ताकि छुट्टियों की स्वीकृति में कोई बाधा न आए। एसपी अंकित सोनी के इस मानवीय कदम की पूरे विभाग में सराहना हो रही है, क्योंकि इससे न केवल जवानों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि पुलिस और उनके परिवारों के बीच रिश्तों की डोर भी मजबूत होगी।



# क्रिसमस पर शहर के गिरजाघरों पर हुईं विशेष प्रार्थनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला मुख्यालय सहित अंचल भर में गुरुवार को ईसाई समुदाय द्वारा अपने आराध्य ईसा मसीह का जन्म दिवस उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया । इस अवसर पर सभी गिरजा घरों में विशेष प्रार्थना सभाएं हुई।दशकों से चली आ रही परंपरा के अनुसार पिछले कई दिनों से चल रहे क्रिसमस कार्यक्रमों के क्रम में सुबह स्थानीय चौधरन कॉलोनी स्थित सेंट पीटर्स ई एल चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई परिवार के लोगों ने गीत प्रस्तुत किए। इस प्रस्तुति ने सभी का मनमोह लिया। इस दौरान पास्टर संदीप परमार्थ ने चर्च की अराधना संपन्न की। इसके बाद पास्टर संदीप परमार्थ ने प्रभू यीशू के जन्म पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सदियों से यह त्यौहार लोगों को खुशियां बांटता और प्रेम और सौहार्द की मिसाल कायम करता रहा है।



यह त्यौहार हमारे सामाजिक परिवेश का प्रतिबिंब भी है, जो विभिन्न वर्गों के बीच भाईचारे को मजबूती देता आया है। क्रिसमस का अर्थ मानव का उद्धार और समानता है। बालक यीशु के जन्म की सबसे पहली खबर इस दुनिया के सबसे निर्धन वर्ग के लोगों को मिली थी। वे कड़ी मेहनत करने वाले जानवरों को चराने वाले गड़रिये थे। सर्दी की रात जब उन्हें यह खबर मिली तो वे खुले आसमान के नीचे खतरों से बेखबर सोतीहु ई अपनी भेड़ों की रखवाली कर रहे थे। एक तारा चमका और स्वर्ग-दूतों के दल ने गड़रियों को खबर दी कि तुम्हारे बीच एक ऐसे बालक ने जन्म लिया है, जो तुम्हारा राजा होगा और तुम्हारा उद्धार करेगा। पूरी दुनिया के गरीब और दुखी व्यक्ति यह खबर सुनकर खुश हुए क्योंकि ईसा मसीह शैतानियत को खत्म करने के लिए ही दुनिया में आए थे। ईसा मसीह ने मानव के रूप में जन्म लेने के लिए किसी संपन्न व्यक्ति का घर नहीं चुना। ईसा मसीह ने समाज को समानता का पाठ पढ़ाया था। इस अवसर पर पास्टर संदीप परमार्थ, सेकेट्री कमल काक ने सभी जिलेवासियों को क्रिसमस और नववर्ष की बधाईयां दी और अमन, शांति, भाईचारे और प्रेम के लिये ईश्वर से कामना की। इसी तरह स्थानीय क्राइस्ट स्कूल और वंदना कॉन्वेंट स्कूल की चर्चों के साथ ही अन्य गिरजा घरों में भी बीती रात ठीक 12 बजे केक काटकर ईसा मसीह का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान उनके जन्म से संबंधित लघु नाटिका, क्रिसमस के गाने आदि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर घरों और चर्चों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। जगह-जगह फटाखे फोड़कर और नारे लगाकर खुशी का इजहार किया गया। क्रिसमस के अवसर पर शहर के अन्य चर्च क्राइस्ट चर्च, फिलदेफिया फेलोसिप चर्च, मिशन इंडिया ट्रीनिटी चर्च, गुना ब्लेसिंग होम चर्च में भी प्रभु यीशु के जन्म दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

### सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में डाक विभाग गुना से मिलकर बढ़ाए प्रेस क्लब ने कदम

# डाक विभाग ने किया प्रेस क्लब के अध्यक्ष का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

प्रेस क्लब गुना एवं गुना डाक संभाग ने गुना जिले में सामाजिक सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाकर 231 पत्रकार बंधुओं को समूह दुर्घटना बीमा से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए अधीक्षक डाकघर गुना संभाग ओपी चतुर्वेदी ने बताया कि दुर्घटना किसी के भी जीवन में अनिश्चित होती है। जिस कारण किसी भी व्यक्ति के जीवन में असामयिक आर्थिक बोझ के साथ साथ कभी जीवन ना रहने का खतरा भी बना रहता है। ऐसे में दुर्घटना बीमा वो भी मात्र 01 रु प्रति दिन से भी कम की आसान प्रीमियम के साथ इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से डाक विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। डाक विभाग ने प्रेस क्लब के अध्यक्ष आनंद लोढ़ा को जब इस बीमा के बारे में जानकारी दी तो उन्होंने अपने साथ साथ गुना जिले के अपने सभी पत्रकार साथियों एवं जिले के हॉकर्स को भी इस बीमा से जोड़ने का संकल्प लिया ओर अभी तक श्री लोढ़ा द्वारा अपने 231 पत्रकार एवं हॉकर्स का 15 लाख की जीएजी पॉलिसी का लाभ दिलाया जा चुका है, श्री चतुर्वेदी द्वारा बताया गया कि, गुना के सांसद ज्योतिरादित सिंधिया के केंद्रीय संचार मंत्री बनने के उपरांत



अंतोदय के स्वप्न को साकार करने के लिए लगे हुए डाक विभाग द्वारा विशेष अभियान के तहत गुना जिले के पत्रकारों के लिए इस हितकारी योजना के द्वारा अभी तक 231 पत्रकार जिसमें पत्रकार एवं हॉकर्स साथी भी शामिल हैं के जीवन को सुरक्षित किया गया है। श्री चतुर्वेदी ने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा 231 व्यक्तियों का बीमा कराने का पूरे मध्य प्रदेश में यह पहला नवाचार हैं, इस कार्य के लिए पत्रकार संघ के अध्यक्ष श्री लोढ़ा का पत्रकार भवन पहुंच कर सम्मानित भी किया ।फोटो के साथ डाक टिकट भेंट कर उनकी भूमिका की प्रशंसा की भारतीय डाक विभाग और स्थानीय प्रेस क्लब के संयुक्त प्रयासों से जिले के पत्रकारिता जगत के लिए एक ऐतिहासिक पहल की गई है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढा के अथक प्रयासों और सक्रिय भूमिका के चलते, डाक विभाग ने जिले के पत्रकारों और संदेशदूत वाहकों (हॉकर्स) के लिए 36 करोड़ रुपये का सामूहिक बीमा करवाकर उन्हें एक मजबूत सुरक्षा कवच प्रदान किया है। इस सराहनीय कार्य के लिए डाक विभाग के अधीक्षक ने श्री लोढा का सम्मान किया और उन्हें फोटो के साथ डाक टिकट (माय स्टाम्प) भेंट कर उनकी भूमिका की प्रशंसा की एवं श्री लोढा को सम्मानित करते हुए कहा कि सामाजिक सरोकार और पत्रकारों के कल्याण के लिए उनकी यह सोच प्रेरणादायक है। विभाग ने इस मौके पर एक आनंद लोढ़ा जी के फोटो के साथ डाक टिकिट भेंट कर उनके सहयोग और नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

## समाचार संक्षेप

### अजा मोर्चा ने अटल बिहारी वाजपेई की 101वीं जन्म जयंती मनाई

**आरोन।** गुरुवार को अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल आरोन के द्वारा अटल बिहारी वाजपेई जी की 101 भी जन्म जयंती मनाई गई । जिसमें उपस्थित




मंडल अध्यक्ष मुनेश जैन पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ,संजीव सोनी पूर्व मंडल अध्यक्ष, गोविंद प्रसाद शर्मा किसान मोर्चा अध्यक्ष, लखनपुरी महिला मोर्चा अध्यक्ष , रामकन्या जिला मंत्री ओबीसी, संजीव साहू मंडल उपाध्यक्ष, राजीव राजवत पूर्व मंडल मंत्री रवि शंकर सेन जिले की महिला मोर्चा की मंत्री सेठानी वरिष्ठ भाजपा नेता पूरान लोधी संजीव यादव महिला मोर्चा मंत्री वर्षा कुशवाहा मंडल महामंत्री हीरालाल बुनकर अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष सचिन सप्रे के नेतृत्व में अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती मनाई गई।

### भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मंडल आरोन द्वारा मनाई गई


**आरोन।** भारतीय जनता पार्टी मंडल आरोन के तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी जी की 101 भी जयंती भाजपा मंडल कार्यालय पर मनाई गई। जिसमें अटल बिहारी वाजपेई के द्वारा किए गए



कार्यों एवं जीवन पर प्रकाश डाला गया । अटल बिहारी जी के चित्र पर पुष्प माला एवं दीप प्रज्वलित कर शत-शत नमन किया गया ।वरिष्ठ नेताओं का पुष्प मालाओं एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया । इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मुनेश जैन देवेंद्र सिंह रघुवंशी संजीव सोनी प्रमोद सक्सेना गोविंद प्रसाद शर्मा डॉक्टर राजीव सिंह राजावत श्रवण कुमार जैन अनीता जैन लखनपुरी गोस्वामी, सचिन स्प्रे रवि शंकर सेन बाला प्रजापति पूरन लोधी संजीव साहू रामकन्या यादव वर्षा कुशवाहा संजीव यादव हीरालाल बुनकर बलबीर यादव भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिवपुरी से बिना बताए गुना पहुंचे चार मासूम आधी रात हनुमान चौराहे पर भटकते मिले

**गुना।** शहर के हनुमान चौराहे पर कल आधी रात को शिवपुरी के चार मासूम बच्चों के लावारिस हालत में भटकने की खबर ने अभिभावकों की जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रात करीब 11:30 बजे



पटेरिया भोजनालय के राजू लोधा की सूचना पर जब जागरूक नागरिक मौके पर पहुंचे, तो वहां 12 से 13 साल की उम्र के चार बच्चे समीर खान, कुणाल कुशवाह, मयंक शाक्य और सलमान खान मिले। पूछताछ में पता चला कि ये सभी बच्चे बिना अपने माता-पिता को बताए शिवपुरी से गुना आ गए थे। सलमान के मुताबिक वह अपने मामा के यहाँ आया था, लेकिन वे परिवार से मिले बिना ही सडक़ों पर घूम रहे थे।

# सृजन कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं में होता है ऊर्जा का संचार तथा रचनात्मकता को मिलता है बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

सहायक संचालक, शिक्षा।स्थानीय सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरखेड़ा हाट में पूर्ण उत्साह एवं जोश से सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो के मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 22 दिसंबर से 24 दिसंबर के मध्य सृजन कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे इसी क्रम में सांदीपनी विद्यालय शासकीय उमावि बरखेड़ा हाट विद्यालय में सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत वर्ष भर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे - खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, गत वर्ष 2024 -25 में बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को तथा वर्तमान सत्र में कक्षाओं में सर्वाधिक उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं एवं विकास खंड स्तर पर ओलंपियाड परीक्षा में चयनित छात्रों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक संचालक शिक्षा एवं




विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरोन संतोष धाकड़ तथा विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राघौगढ़ अरविंद कुमार तिवारी, प्राचार्य संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फतेहगढ़ भगवत ओझा, प्राचार्य प्रतिनिधि संदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बमोरी राजीव किरार, संकुल प्राचार्य कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरोन नंदलाल यादव, संकुल प्राचार्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भादौर खगेंद्र रघुवंशी एवं माध्यमिक विंग प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार जैन आदि मौजूद रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन अर्चन के साथ किया गया। स्वागत भाषण में संस्था प्राचार्य यशवंत सिंह धाकड़ द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन एवं विभिन्न स्तरों पर प्राप्त उपलब्धियों का विवरण प्रतिवेदित किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि सहायक संचालक शिक्षा एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरोन संतोष धाकड़ द्वारा छात्रों को सृजन कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया की सृजन कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के विचारों को मंच तक लाना है जिससे उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा का विकास हो सके। विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी राघोगढ़ अरविंद तिवारी के द्वारा संदीपनी विद्यालयों का उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि छात्रों का सर्वांगीण विकास ही सांदीपनि विद्यालय का उद्देश्य है। श्री तिवारी द्वारा बताया गया कि इस संस्था के प्राचार्य यशवंत सिंह धाकड़ द्वारा कड़ी मेहनत करके छात्रों को विभिन्न स्तरों पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में सम्मिलित कराते हैं। इस अवसर पर छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए ,पश्चात समस्त अतिथि गणों द्वारा छात्रों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया प्रदर्शनी में विभिन्न स्तर के प्रोजेक्ट मॉडल एवं प्रदर्शनी लगाई गई जो अतिथियों एवं उपस्थित जन समुदाय के आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें छात्रों ने रचनात्मक, एवं सृजनात्मक कार्य को प्रदर्शित किया । इसके पश्चात अतिथियों द्वारा विगत वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र तथा वर्तमान सत्र में ओलंपियाड परीक्षा में विकासखंड स्तर पर चयनित छात्रा कुमारी वैष्णवी धाकड़ तथा प्रत्येक कक्षा एवं सेक्शन में इस वर्ष सर्वाधिक दिवस उपस्थित रहे छात्रों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन सत्यनारायण शर्मा द्वारा किया गया।

## शहीदों की स्मृति में जिला स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले,वतन पर मरने वालों का यही बाक़ी निशां होगा।"अपने कर्तव्य का पालन करते हुए देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले भारत के अमर सपूतों को नमन करते हुए शहीद सब इंस्पेक्टर राजकुमार जाटव, प्रधान आरक्षक नीरज भार्गव एवं आरक्षक संतराम मीणा के बलिदान को स्मरण कर उनकी पुण्य स्मृति में जिला स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट के द्वितीय संस्करण का भव्य शुभारंभ किया ग या । य ह आयोजन राजा बलभद्र सिंह स् टे डि य म , आरोन परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जहां देशभक्ति और खेल



भावना का अनूठा संगम देखने को मिला। शुभारंभ अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके योगदान को सदैव स्मरण रखने का संकल्प लिया गया।

टूर्नामेंट के शुभारंभ समारोह में आरोन नगर के समस्त क्रिकेट खेलप्रेमी, युवा , नगरीकगण, जन प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह और गौरव का वातावरण रहा। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मिंटू लाल जैन, बृजमोहन यादव, युवराज शर्मा,अरविंद श्रीवास्तव, प्रवेश रघुवंशी, डॉ सुनील रघुवंशी, भोला रघुवंशी जाखोदा,उमा पटवा, अंसार खान, एवं पत्रकार गण आरोन की उपस्थिति में पहलेमैच iTi टीम आरोन व गरेठा 11टीम के बीच टॉस कर गया जिसमें आरोन टीम ने टॉस जीताऔर शानदार प्रदर्शन करके मैच भी जीताआयोजकों नीतीश पटवा अतुल रघुवंशी ने बताया कि यह प्रतियोगिता केवल खेल आयोजन नहीं, बल्कि शहीदों के प्रति कृतज्ञता और आने वाली पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जागृत करने का माध्यम है।

## संगठन सृजन के तहत गुना शहर व ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी नियुक्त, गुना,आरोन में हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत गुना जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री, राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के निर्देशन में आरोन तहसील के अनुभवी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। निर्णय के अनुसार गुना शहर कांग्रेस प्रभारी के रूप में आवेद खान तथा गुना ग्रामीण



कांग्रेस प्रभारी के रूप में पंडित शिवकुमार उपरिंग को नियुक्त किया गया है। वहीं आरोन से राजगढ़ प्रभारी बनाए गए मेहरबान सिंह की उपस्थिति में सभी नवनियुक्त प्रभारियों का गुना जिले की कार्यकर्ता एवं आरोन ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए पार्टी को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नवनियुक्त प्रभारियों ने कहा कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। आरोन ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयवर्धन सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अनुभवी और समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर संगठन को नई दिशा देने का कार्य किया गया है।

# सांदीपनि उमावि राघौगढ़ में सृजन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

शास.सांदीपनि विद्यालय राघौगढ़ में सृजन कार्यक्रम का आयोजन में वर्ष भर में कई जाने वाली गतिविधियों से पालको एवं अथितियों को अवगत कराया गया ईस अवसर पर मुख्यअतिथि अनुविभागीय दंडाधिकारी अमित कुमार सोनी व नगरपालिका उपाध्यक्ष रामस्वरूप मीना विशेष अतिथि प्राचार्य सांदीपनि बरखेड़ाहाट यशवंत धाकड़ प्राचार्य सांदीपनि फतेहगढ़ भगवत झा प्रधानाध्यापक पर्वत सिंह राठौर , विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य सांदीपनि राघौगढ़ डॉ.अरविंद कुमार तिवारी प्रधानाध्यपक मा.विंग जितेंद्र कुमार जैन , प्रधानाध्यापक प्राथ.विंग चैन सिंह प्रजापति ऐ आई एफ लैब मैनेजर संतोष साहू उपस्थित रहे कार्यक्रम में शिक्षको एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा निर्मित टी.एल.एम



की प्रदर्शनी विषयानुसार अलग अलग कार्नर बनाकर की गई आर्ट एंड क्राफ्ट का कॉर्नर भी बनाया गया पालको को चेयर रेस खेल खिलाया गया जिसमें विजेताओं को पुरुस्कार प्रदान किया गया वर्ष भर की जाने वाली गतिविधियों , अर्धवार्षिक परीक्षा एवं खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे छात्र - छात्राओं को मुख्यातिथि एवं विद्यालय प्रबंधन की और से पुरुस्कृत किया गया मुख्याथिति ने प्रत्येक कॉर्नर का भ्रमण कर शिक्षको के कार्य की बहुत सरहाना की एवं एस डी एम महोदय द्वारा मंच पर अपने उद्धबोधन में कहा कि शासकीय शिक्षक कठिन परीक्षाओं को पास कर आप सबके बीच होते है निश्चित ही वह अन्य विद्यालय के शिक्षकों की तुलना में कई गुना योग्य व अनुभवी है आप सभी छात्र - छात्राओं को उनका लाभ लेकर मन लगाकर पढ़ाई करना चाहिए मेने स्वयं अपनी पढ़ाई सरकारी विद्यालय से ही की है और आज आप सबके बीच एस डी एम के रूप में उपस्थित हूँ मैं चाहता कि आप सब इतनी मेंहनत व लग्न से पढ़ाई कर करे कि गतवर्ष तो हमारे विद्यालय से सिर्फ एक छात्र प्रदेश की मेरिट में आया था इस वर्ष उससे अधिक छात्र - छात्राओं का चयन प्रदेश की मेरिट में हो मुझे यह देख कर बहुत खुशी हो रही है कि हमारे विकासखण्ड में इतना बेहतरीन सुविधाजनक विद्यालय संचालित है इसके लिए आपका विद्यालय प्रशासन बधाई का पात्र है ।

न.पा. उपाध्यक्ष ने कहा कि हमारे क्षेत्र में सांदीपनि विद्यालय के रूप में एक बहुत ही अच्छा व बेहतरीन प्लेटफॉर्म उपलब्ध है एवं यहाँ के शिक्षक बहुत ही मेहनती अनुभवी एवं योग्य है निश्चित रूप से आप सभी विद्यार्थी इसका लाभ उठाकर परीक्षा में अधिक से अधिक अंको से सफल होंगे छात्र- छात्राओं के द्वारा भाषा का प्रभाव नामक लघुनाटिका का मंचन किया गया ।

# गीता स्वाध्याय के अंतर्गत 16वें अध्याय का वर्णन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

गीता स्वाध्याय के अंतर्गत भगवान श्रीकृष्ण 16वे अध्याय में अर्जुन को बताते हैं कि भय का अभाव, मन की पवित्रता, ज्ञान के लिए दृढ़ता, दान, इन्द्रिय-निग्रह, पूजा, स्वाध्याय, तप, सरलता, अहिंसा, सत्य, अक्रोध, त्याग, शांति, निंदा न करना, प्राणियों पर दया, लोभ-रहित होना, कोमलता, लज्जा, और व्यर्थ चेष्टाओं का अभाव - ये सभी दैवी संपदा को प्राप्त पुरुष के लक्षण हैं जो व्यक्ति को मुक्ति की ओर ले जाते हैं।

दूसरी ओर आसुरी गुण (श्लोक 4, 7, 8) दैवीय गुणों के विपरीत, दंभ (घमंड), दर्प (अभिमान), क्रोध, कठोरता, अज्ञान और जो कामनाओं में फंसे होते हैं, वे आसुरी संपदा वाले होते हैं। ऐसे लोगों की संगत से बचना चाहिए। ग्राम विकास हेतु सामूहिकता से कार्य



करने हेतु प्रेरित किया गया जिसके फलस्वरूप ग्राम महू आलमपुर में ग्रामवासियों ने बैठक व्यवस्था हेतु एक 15 बाई 15 फीट की प्लास्टिक की चटाई क्रय करने हेतु सहयोग राशि भी एकत्रित की। जन अभियान परिषद द्वारा बाल संस्कार शाला संचालन हेतु मास्टर ट्रेनर बलवीर सिंह यादव ने जानकारी दी कि प्रत्येक सेक्टर में एक बाल संस्कार शाला संचालित की जाएगी जिसमें बच्चों को संस्कारों से जोड़ने हेतु एक सेवाभावी आचार्य का चयन किया जाना है जिसे आगामी समय में शाला संचालन का प्रशिक्षण ग्वालियर में विवेकानंद केंद्र में दिया जाएगा। इस अवसर पर नवांकुर समिति सदस्यों में लाखन सिंह सहोदरी, लाखन सिंह चोपड़ा, भैयालाल यादव, नन्हेराजा यादव, रामबली आर्य तथा ग्राम महू आलमपुर तथा ग्राम रैपरी में अनेक युवा, बुजुर्ग के साथ ही छोटे छोटे बच्चे भी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर आदित्य सिंह ने ली बैठक

## सभी बीआरसी को 100 प्रतिशत स्कूलों के निरीक्षण के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

शिक्षा विभाग की बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह ने निर्देश दिए कि क्लस्टर लेबल मॉनीट्रिंग हेतु सभी बी.आर.सी स्कूलों का भ्रमण कर चेकलिस्ट अनुसार निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने 100 प्रतिशत निरीक्षण करने वाले बी.आर.सी को प्रशंसा पत्र दिये जाने की बात कही। साथ ही इस कार्य को पूर्ण नही करने वाले बी.आर.सी को चेतावनी देते हुए 100 प्रतिशत निरीक्षण पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी अपने दायित्वों का निर्वहन अच्छी तरह से करें। साथ ही स्कूलों मे वितरण होने वाले माध्यन्ह भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएं। उन्होंने स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति शिक्षकों का स्कूलों में समय पर पहुंचने, भवनों की स्थिति,खेल मैदान के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय परिसर में अतिक्रमण के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

# शाढ़ौरा लूट की घटना में एक और आरोपी गिरफ्तार, 1 लाख रुपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

गुरूवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना शाढौरा क्षेत्र अंतर्गत घटित 20 लाख रुपये की सनसनीखेज लूट के प्रकरण में एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।



उल्लेखनीय है कि थाना शाढौरा अंतर्गत 3 दिसंबर को गुना अशोकनगर रोड स्थित नगऊखेड़ी तिराहा एवं रेलवे फाटक के मध्य फरियादी नीरज साहू पिता भगवान सिंह साहू, उम्र 33 वर्ष, निवासी नईसराय रोड, शाढौरा के साथ चार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 20 लाख रुपये की लूट की गंभीर घटना कारित की गई थी। उक्त घटना पर थाना शाढौरा में अपराध क्रमांक 298/25 धारा 309(6) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं लूटे गए मशरूका की बरामदगी हेतु 10,000 रुपये का नकद ईनाम घोषित किया गया तथा एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया था। अब तक इस घटना में राजा भदौरिया, अनिकेत मीना, को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। मुख्य आरोपियों में से एक आरोपी गोलू उर्फ राहुल पुत्र चतुर सिंह मीना निवासी उमरिया चक्क थाना कुंभराज जिला गुना को गुना अशोकनगर रोड पीलीघटा के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से लूटे गये 20 लाख रुपये मे से उसके पास मिले नकद एक लाख रूपये विधिवत जब्त किये गये।

# अशोकनगर में क्रिसमस का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया और हजरत ईसा की महानता को याद किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

अशोकनगर शहर मे ईसाई परिवारों द्वारा क्रिसमिस का पर्व हजरत ईसा के जन्म के रूप मनाया गया। इस दौरान सेंट थामस चर्च और ईसाई मिशनरियो के स्कूलो पर आर्कषक बिजली का सजावट की गई। प्रभु ईशु के जन्म की झांकी सजाई गई।

प्रभु ईशु का यह 2026वां जन्म दिन था। इस मौके पर बीती रात चर्च मे प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। जिसमे जिले भर से ईसाई परिवार शामिल हुए। इस दौरान प्रार्थना सभाओं मे हजरत ईसा की महानता और श्रृद्वा के गीत गाए गए। अशोकनगर शहर मे ईसाई परिवारो की संख्या लगातार बढती जा रही है। कई परिवार जो छत्तीसगढ से आए है वह ईसाई धर्म




का पालन कर रहे हैं। वह भी इस कार्यक्रम मे शामिल हुए।

इस दौरान तारासदन स्कूल मे भी उनके जन्म की झांकी सजाई गई। मॉ मरियम की प्रतिमा पर भी आर्कषक सजावट की गई। दो दिन पहले से स्कूलो मे क्रिसमिस का पर्व मनना शुरू हो गए थे। इस दौरान सांता क्लोज अपनी सफेद दाढी और लाल वस्त्रो मे उपहारो से भरे थैले लिए बच्चो को उपहार प्रदान करते देखे गए। इस दिन घरो मे क्रिसमिस का वृक्ष भी रोशनी से सजाया गया। यह सुनवर का पेड कहा जाता है। जो ईसा मसीह के बचपन से जुडा है। क्रिसमिस का यह पर्व बच्चो की खुशी श्रृदालुओ की श्रृद्वा और निर्धनो की सहायता का त्यौहार है। कहते है कि ईसवी वर्ष हजरत ईसा के जन्म से शुरू होता है। हजरत ईसा के जन्म की जो झांकी सजाई जाती है। उसमे एक अस्तबल का एक दृश्य दिखाया जाता है।

## मुंगावली की टीम बनी सातोलिया व वॉलीबॉल खेल में विजेता




हरिभूमि न्यूज ⏭मुंगावली

सांसद खेल प्रतियोगिता में बॉलीबॉल इनडायरेक्ट सीनियर बालिका वर्ग में एवं सतोलिया सीनियर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पाया वही स्कूल के होनहार आर्यन बागड़ी ने 5 किलोमीटर दौड़ जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान आकर गोल्ड मेडल हासिल किया वही वूशु खेल में लक्ष्य सुमन ने 65 केजी भार में गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

बता दे कि हमेशा खेलों में अग्रिण रहने वाले टी ए व्ही स्कूल की एक बहुत बड़ी उपलब्धि स लगातार तीन वर्षो से वॉलीबॉल विजेता रही बालिकाओं की टीम वही बच्चों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय कोच खेल प्रशिक्षक जावेद खान को दिया है। इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय विधायक राव बृजेंद्र सिंह यादव, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि जिला महामंत्री भाजपा नरेश ग्वाल, सांसद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र दांगी,जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह परिहार, जिला खेल अधिकारी ओपी शर्मा आदि ने बधाई दी।

## रोटरी मेडिकल मिशन के प्रथम कैंप का कचनार में शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन शिवपुरी के अंतर्गत रोटरी परिवार एवं माधव राव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के सहयोग से मध्य प्रदेश शासन द्वारा अशोकनगर जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कचनार में प्रथम कैम्प का शुभारंभ हुआ। इसमें डॉ.रॉबिंस एवं उनके सहयोगी नर्स,आशा कार्यकर्ता, लेब तकनीशियन,ए. एन. एम. सहित स्टाफ ने 46 मरीजों का स्वास्थ परीक्षण किया एवं आवश्यक होने पर दवाइयां दी। रोटरी क्लब की ओर अध्यक्ष अजित कुमार जैन, सचिव अक्षय जैन, एवं रोशन कोहली ने सहभागिता की। इस प्रोजेक्ट के तहत ज्यादा गंभीर बीमारी के मरीजों को 21 मार्च से 28 मार्च 2026 तक शिवपुरी में आयोजित विशेष शिविर में इलाज के लिए भेजा जाएगा जहां विशेषज्ञ डॉक्टर्स टीम इलाज करेगी। अभी 25 दिसम्बर से 18 फरवरी तक जिले के सभी प्राइमरी स्वास्थ्य केंद्रों पर विभिन्न दिनांकों पर परीक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं। अपने आस पास के बीमार नागरिकों को जानकारी देकर शिविरों का लाभ उठाएं।

## खबर संक्षेप

### जिले में मारपीट के कई मामले दर्ज किए गए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी अजय अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रूपेश रजक, अजय अहिरवार और विक्की बसोर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेक सिटी क कॉलोनी निवासी सुनील मीना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दुष्यंत परिहार व एक और अन्य व्यक्ति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भगवानपुर निवासी रानू जाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रोहित संदीप और सौरभ जाट ने जमीन विवाद को लेकर डंडे से मारपीट की।

### दो अलग जगह फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत फांसी लगाने का खुदकुशी का पहला मामला ग्राम कदवाया में हुआ जहां पर संताष पुत्र जगन्नाथ कलावत उम्र 52 साल ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इसी प्रकार जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत हरवीर पुत्र कोमल आदिवासी उम्र 32 साल निवासी करियाखेडी ने बबूल के पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने दोनों ही घटनाओं में मर्ग के मामले दर्ज किए हैं।

### अवैध शराब के अनेक मामले किए पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाने की पुलिस ने नहर कॉलोनी निवासी सोनू सिक्ख के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। देहात पुलिस ने ही कैलाश वंशका निवासी खिरिया महू के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढौरा पुलिस ने ग्राम बगुलिया निवासी नारायण अहिरवार के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मोबाइल चार्ज करते समय करंट लगने से चाचा-भतीजे घायल

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम सिरसौद में मोबाइल चार्ज करते समय करंट लग जाने से चाचा भतीजे घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल अशोकनगर में भर्ती कराया गया है। घटना के बारे में बताया गया है कि जब 15 वर्षीय अशोक आदिवासी निवासी ग्राम सिरसौद ने बिजली के बोर्ड में मोबाइल चार्ज करने को लगाया तभी उसे करंट लग गया। इसी दौरान उसके चाचा शीलचन्द आदिवासी उम्र 25 साल उसे बचाने के लिए आए तो उन्हे भी करंट लग गया। दोनों को चन्देरी अस्पताल ले गए, वहां से उन्हें अशोकनगर के लिए रैफर किया गया जहां पर उनका उपचार जारी है।

### लोगों का निकलना मुश्किल, दुकानदारों ने भी सड़क पर कब्जा जमाया

# तुलसी पार्क से रात को गुमठियां हटीं, सुबह होते ही फिर से लग गईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





स्थानीय रेलवे स्टेशन के बाहर तुलसी पार्क पर बीती रात नजदीक के मंगल मैरिज गार्डन में नपा की स्थापना का कार्यक्रम आयोजित होने की वजह से इस पार्क के चारों ओर गुमठी लगाकर कब्जा करने वाले लोगों ने नपा के भय से अपनी गुमठियां हटा लीं थीं। रात को यह तुलसी पार्क सुन्दर नजर आ रहा था लेकिन सुबह होते ही यह गुमठीधारी फिर तुलसी पार्क को घेर कर बैठ गए। यहां की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है।

नगरपालिका पहले भी यहां से लोगों के अतिक्रमण हटा चुकी है लेकिन यह गुमठीधारी मानने तैयार नहीं है और हर बार अपनी गुमठिया हटा लेते हैं। तुलसी जयंती के दिन भी यह गुमठियां एक दिन के लिए हटती हैं उसके बाद फिर वैसी की वैसी लग जाती हैं। इस पार्क को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए नपा कई प्रयोग भी कर चुकी है। पहले यह पार्क लम्बाई में था बाद में इसे मदिर का रूप दिया गया। नपा ने यहां पर एक पानी का फब्बारा भी लगा दिया है। इसकी सुदंरता को कायम करने के पूरे प्रयास किए गए हैं लेकिन यह अतिक्रमणकारी गुमठियां लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। यहीं हाथ ठेले भी लग जाते हैं, इसी इलाके में दुकानदारों ने अपनी खाने पीने की दुकानों को तो बाहर लगा ही रखा है साथ में दुकानों के बाहर कुर्सियां भी रखकर लोग कब्जा करके बैठ जाते हैं। पूरे दिन यहां जमघट बना रहता है।

यह स्थान इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ठीक रेलवे स्टेशन के बाहर है, यात्री निकले तो कैसे निकलें वाहनों को निकलने में भी समस्या आ रही है। जब भी कोई टोकता है तो उन्हें वह दादागिरी दिखाने लगते हैं। ऐसे में घटना दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है इन गुमठियों पर आवारा तत्व भी खड़े होते हैं जिसके कारण यहां से निकलने वाली महिलाओं को अपनी सुरक्षा का खतरा बना रहता है। यह 24 घण्टें व्यस्त रहने वाला हिस्सा है, इसी स्थान पर दो दो मैरिज गार्डन हैं इसके अलावा कईं बैंक शाखाएं हैं जिनके लिए भी लोगों का आवागमन तो होता ही है साथ में यहीं से कई कॉलोनियों के लिए रास्ता निकलता है। ऐसे में यहां से गुमठियां भी हटना चाहिए और दुकानों के बाहर भी अतिक्रमण हटना चाहिए। अगर कभी कोई बैंक से आने वाले लोगों के साथ लूट जैसी घटना हो गई तो कौन जिम्मेदार होगा। इस पर भी पुलिस से लेकर नगरपालिका और जिला प्रशासन को ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

# प्रेम, खुशी और ज्ञान बढ़ाना चाहिए: आचार्य निर्भय सागर



**मुंगावली।** सिद्धचक्रमहाण्डल विधान में 512 अर्घ के रूप में सिद्धों की आराधना की गई और श्री दिगम्बर जैन महिला समिति सम्भाग ने आचार्य श्री की सुन्दर अष्ट द्रव्यों से संगीतमय पूजन की। तत्पश्चात आचार्यश्री निर्भय सागर जी महाराज ने धर्म सभा में कहा धन, इज्जत और पुण्य कमाना चाहिए। प्रेम, खुशी और ज्ञान बांटना चाहिए। तनाव से मुक्त होने का सर्वश्रेष्ठ उपाय है अध्यात्म। हमें जो मिला है वहीं छोड़कर जाना है। खाली हाथ आए थे खाली हाथ जाना है फिर चिंता किस बात की। ज्ञान मेरी सबसे बड़ी संपत्ति है ऐसी कोई लूट नहीं सकता यही ज्ञान मेरे साथ जाएगा। मुझे मौत से कोई बचा नहीं सकता। मेरी आत्मा की कभी मौत नहीं हो सकती यही अध्यात्म है। दूसरों की दिल में स्थान बनाने वाले मरकर भी अमर होते हैं, हर दिल उनके लिए घर होता है यह मत देखो कि मैंने कितने घर बनाए पर यह देखो कि मैंने कितने दिल में अपना स्थान बनाया। किसी भी कार्य को करने के पूर्व यह सोचना कि दुनिया के लोग मेरे कार्य का उपहास करेंगे, विरोध करेंगे, जलन करेंगे और रोड़ा बनेंगे परंतु मुझे इसकी परवाह नहीं करना है बल्कि अपने कार्य को सिद्ध करना है कार्य की सिद्ध होने पर वहीं पर जन वाह-वाह करने लग जाते हैं। संस्कारी बनो अहंकारी नहीं क्योंकि संस्कारी की जीत होती है, इज्जत होती है दुनिया में ख्याति होती है अहंकारी की दुनिया में एक दिन सब कुछ चला जाता है।

### आचार्य श्री का हुआ मंगल विहार

नव निर्मित कमेटी ने लिया मंगल आशीर्वाद गुरुवार को दोपहर में आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज का मंगल विहार बहादुरपुर की तरफ हुआ ओर जैन श्रद्धालुओं द्वारा आचार्य श्री को नम आंखों से विहार कराया दोपहर में संत निवास पर बड़ी संख्या जैन श्रद्धालु पहुंचे और आचार्य श्री के मंगल विहार में शामिल हुए रास्ते में आचार्य संघ का जगह जगह पाद प्रक्षालन किया गया। वही शाम को शंका समाधान में दिगम्बर जैन पंचायत की नवीन कार्यकारणी आचार्य संघ का मंगल आशीर्वाद लिया ओर शीत कालीन वाचना का निवेदन किया। जिसपर आचार्य ने कहा कि आप सब लोग अब जैन समाज के जिम्मेदार व्यक्ति बन गए है ओर आपको समाज को आगे लेकर जाना है ओर अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा के साथ निभाना है यही आप लोगों का कर्तव्य है।

### विधायक ब्रजेंद्र सिंह ने तत्काल मामले पर लिया संज्ञान

# महाराष्ट्र में मजदूरी के नाम पर ले जाकर मजदूरों को बनाया बंधक



**पिपरई/मुंगावली।** मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले की मुंगावली विधानसभा क्षेत्र से महाराष्ट्र में मजदूरी दिलाने के नाम पर ले जाकर मजदूरों को बंधक बनाए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है और मजदूरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मुंगावली क्षेत्र के लगभग 70 से 80 मजदूरों को एक ठेकेदार द्वारा बेहतर मजदूरी और रोजगार का झांसा देकर महाराष्ट्र ले जाया गया, जहां पहुंचते ही उन्हें बंधक बनाकर जबरन काम कराया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि सभी मजदूर मुंगावली विधानसभा क्षेत्र के आंवसी चक, जारेली और तिंसी गांव के निवासी हैं। परिजनों का आरोप है कि ठेकेदार ने उन्हें अच्छे वेतन, भोजन और रहने की सुविधा का भरोसा दिलाया था, लेकिन महाराष्ट्र पहुंचने के बाद मजदूरों से कठोर परिस्थितियों में काम कराया जा रहा है। मजदूरों को बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी जा रही और न ही उन्हें अपने परिवार से बात करने दी जा रही है। जब मजदूरों से अचानक संपर्क टूट गया तो परिजन घबरा गए। कई परिवारों ने अपने स्तर पर जानकारी जुटाने की कोशिश की,लेकिन कोई संतोषजनक सूचना नहीं मिल सकी। इसके बाद परिजन स्थानीय जनप्रतिनिधियों के पास पहुंचे और पूरे मामले से अवगत कराया। मजदूरों के परिजनों का कहना है कि उनके परिजन मानसिक और शारीरिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुंगावली विधायक ब्रजेंद्र सिंह ने तत्काल संज्ञान लिया। विधायक ने अशोकनगर पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा से फोन पर चर्चा कर पूरे मामले की जानकारी दी और मजदूरों को सकुशल वापस लाने के निर्देश दिए। विधायक ब्रजेंद्र सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मजदूरों के साथ किसी भी प्रकार का शोषण, अत्याचार या बंधक बनाए जाने जैसी घटनाएं कतई बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। विधायक ने कहा कि यदि ठेकेदार या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा मजदूरों को मजदूरी के नाम पर बाहर ले जाकर बंधक बनाया गया है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से मजदूरों की तत्काल खोजबीन कर उन्हें सुरक्षित उनके घर वापस लाने की मांग की है। वहीं प्रशासन भी मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुट गया है। पुलिस द्वारा ठेकेदार की भूमिका की जांच की जा रही है और मजदूरों के ठिकाने का पता लगाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि मजदूरों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। यह घटना एक बार फिर ठेकेदारी प्रथा और प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। जरूरत है कि ऐसे मामलों में समय रहते ठोस कार्रवाई हो, ताकि गरीब और मेहनतकश मजदूरों के साथ भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

#### क्या कहना है इनका

मेरे पास बंधक बने मजदूरों के परिजन आए थे और तुरंत ही दोनों जिले के पुलिस अधीक्षक से बात की गई ओर कार्यवाही करने को कहा है ओर पुलिस ने बंधक बने मजदूरों से संपर्क कर लिया है और उनकी काम की मजदूरी भी दिला दी गई है जल्द वह सभी घर वापिस आ जाएंगे।

**बृजेंद्र सिंह यादव**
विधायक मुंगावली।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हमने मजदूरों की जानकारी जुटाई और उनसे बात भी हो गई है साथ ही उन्हें जो ठेकेदार लेकर गया था उससे से भी बात हो गई जल्द ही वह घर बापिस आ जाएंगे और उनके मजदूरी के पैसे भी दिलवा दिए गए है।

**अरविंद कछुवाह**
थाना प्रभारी मुंगावली।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन, छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

# नगर पालिका परिषद ने धूमधाम से मनाया गौरव दिवस







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर का गौरव दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया।

नगर पालिका का स्थापना दिवस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में देर रात तक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम रही। कार्यक्रम की शुरुआत और व्यवस्थाओं की सभी नगरवासियों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

गौरव दिवस के मुख्य आकर्षण बाहर से आए सुप्रसिद्ध गायक अनिल श्रीवास्तव एवं उनकी टीम रहे। अपनी सुरीली आवाज और शानदार टीम वर्क से उन्होंने समां बांध दिया। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने दर्शकों को रात 12 बजे तक अपनी कुर्सियों पर बांधे रखा। पूरा वातावरण उत्साह और उल्लास से सराबोर नजर आया।

#### प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

इस अवसर पर नगर की उभरती हुई प्रतिभाओं को भी मंच प्रदान किया गया। शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले मुख्य नामों में कौशल यादव, ध्रुव नामदेव, नशिविका जैन और अक्षय रघुवंशी शामिल रहे। अतिथियों द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

#### 102 साल का गौरव

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नगर पालिका के स्थापना दिवस को प्रतिवर्ष उत्सव के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर को नगर पालिका परिषद ने अपने 102 साल पूर्ण कर लिए हैं, 1923 में इसकी शुरूआत हुई थी ऐसा उनका कहना है। इसी ऐतिहासिक उपलब्धि को यादगार बनाने के लिए गौरव दिवस का आयोजन किया गया है। नगरवासियों ने इस सफल और भव्य आयोजन के लिए नगर पालिका परिषद और अध्यक्ष की सराहना करते हुए इसे शहर की एकता और गौरव का प्रतीक बताया।

# दिल्ली राष्ट्रीय किसान दिवस कार्यक्रम में राजपाल लोधी सम्मानित




**पिपरई।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चरण सिंह चैधरी के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय किसान दिवस भारत में मनाया जाता है कृषि अनुसंधान पूसा कृषि वैज्ञानिक भारत के समस्त राज्यों से पधारे नवाचार उद्यमी प्रगतिशील किसान आमंत्रित किया जाता है। इसी कार्यक्रम से पूरे भारत से लगभग ढाई सौ किसान पहुंचे। इस कार्यक्रम में अशोकनगर जिले के पिपरई तहसील ग्राम जमाखेड़ी के राजपाल सिंह नरवरिया इनोवेटर के आविष्कार को देखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।

**अपने अपने आविष्कारों का किया प्रदर्शन:** 23, 24 दिसंबर को देश के नमोन्मेषी पुरुष्कार से सम्मानित करीब दो सौ नवाचारी किसानों को आमंत्रित किया गया था। जहाँ पर देश के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों, नीति निर्माता एवं नवाचारी किसानों के साथ कृषि के भविष्य को लेकर एवं किसानों के नवाचार को मुख्यधारा में लाने के लिये चर्चा हुई। जिसमें अशोकनगर जिले के इनोवेटिव आवार्डी राजपाल सिंह नरवरिया द्वारा अपने आविष्कार ईको फ्रेण्डली प्रो-ट्रे मेकिंग मशीन को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में नरवरिया को प्रमाण पत्र, स्मृति चिंह एवं अंगवस्त्र देकर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।

# मनुष्य जन्म दुर्लभ है, इसको व्यर्थ नहीं जाने दें: बाबा सतनाम सिंघ






**अशोकनगर।** गुरूवार को मलखेड़ी में गुरचरण सिंघजी के घर पर आयोजित रूहानी सत्संग समागम में सचखंडवासी श्रीमान संत बाबा गुरदीप सिंघजी द्वारा वरोसाये हुए संस्था के मौजूदा मुखी संत बाबा सतनाम सिंघजी ने प्रवचन करते हुए कहा कि मनुष्य जन्म दुर्लभ है इसे व्यर्थ न जाने दें। आज के युगमें समर्थ गुरु मिलना दुर्लभ है गुरु वाले बन कर नाम सिमरन करते हुए मन को अगर जीत लिया तो वो ही सच्चा सूरमा है।

उन्होंने कहा कि श्री गुरु गोविंद सिंघजी महाराज से जब भाई डल्ला जी ने सचखंड में थोड़ी सी जगह की याचना की तो गुरु साहिब ने कहा और जो मर्जी माँग लो अभी दे देते हैं पर सचखंड में जगह निगुरे को नहीं मिल सकती। इसके लिए तुम अमृत पान कर गुरु वाले बनो तभी वहाँ जगह मिलेगी। गुरु जी के वचनों को मानकर भाई डल्ला जी अमृत पान करके गुरु वाले बने फिर गुरु साहिब ने उन्हें सचखंड में निवास का वचन दिया। चमकौर की गढ़ी से पाँच प्यारों के हुकुम को मानकर गुरु साहिब दुश्मन फौज को ललकारते हुए निकले की सिखों का गुरु जा रहा है, है कोई माई का लाल तो रोक ले। माछीवाडे के जंगल में पहुँचे तो गुरु साहिब द्वारा बताए हुए तरीके से सिक्ख भी गुरु साहिब से आ मिले। चमकौर जंग में गुरु साहिब के दो बड़े साहिबज़ादे आँखों के सामने शहीद हो गए, अनन्य प्यारे सिख भी शहीदी प्राप्त कर गए। भाई गुलाबा एवं भाई पंजाबा का प्रसंग सुनाते हुए बाबा जी ने बताया कि इस मन पर भी गुरु प्रेम का रंग चढ़ाना है जो कि गुरु कृपा द्वारा ही चढ़ता है। हमे चाहिए कि हम गुरु चरणों में सदा अरदास करते रहें कि गुरु साहिब हमे गुरु प्रेम के रंग में रंग दो यहाँ गुरु साहिब ने रंगरेज के विनती करने पर उसे पुत्र का वर दिया और उसकी ग़रीबी दूर की। गुरु और प्रभु में भेद नहीं है गुरु ही प्रभु हैं और प्रभु ही गुरु हैं, सिख गुरुओं ने विषमतम परिस्थितियों में भी कभी भी झूठ का सहारा नहीं लिया, सदा सच ही बोला। समय आने पर गुरु के महल, माताजी आये और साहिबज़ादे एवं माता गुजर कौर के नज़र न आने पर पूछा कि कहाँ हैं माताजी और चारों साहिबज़ादे तो गुरु साहिब ने सिख संगत की तरफ़ इशारा करते हुए कहा इन पुतरन के सीस पर वार दिए सुत चार-चार मुए तो किआ हुआ जीवत कई हज़ार।

# विजेता खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया




**अशोकनगर।** सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन स्थानीय संजय स्टेडियम में किया गया था, इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों के पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन गुरूवार को किया गया। जिसमें खिलाड़ियों को पुरूस्कार प्रदान किए गए। इस समापन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं ज्योतिरादित्य सिंधिया केंद्रीय मंत्री वर्चुअल रूप से जुड़े और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इस समापन कार्यक्रम के अवसर पर चारों विकासखंड से लगभग 700 खिलाड़ी सहित खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहे। जिन्हें मुख्य अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र शर्ट एवं ट्रॉफी व मेडल प्रदान किए गए। समापन कार्यक्रम में सांसद खेल महोत्सव के संयोजक जजपाल सिंह पूर्व विधायक ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई कर उनके प्रदर्शन को सराहा। सांसद खेल प्रतियोगिता समापन एवं पुरस्कार वितरण के अवसर पर नीरज मनोरिया नगर पालिका अध्यक्ष, मनोज शर्मा, हरिओम नायक, महेंद्र भारद्वाज, सचिन चैधरी , धर्मेंद्र रघुवंशी , प्रांजल जैन के अलावा राजेश जैन सीईओ जिला पंचायत, डीएन सिंह एडीएम, शुभ्रता त्रिपाठी एसडीएम, बृज बिहारीलाल श्रीवास्तव, रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष,सहित भाजपा के जनप्रतिनिधिगण एवं समस्त जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# सभी प्रकार के पापों का नाश करती है भागवत कथा: आचार्य देवमुरारी बापू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




ग्राम मोहरी धाम में प्रारंभ हुई साप्ताहिक भागवत कथा के प्रथम दिन धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा सभी प्रकार के पापों का नाश करती है। भागवत कथा में बड़े-बड़े विद्वानों की परीक्षा होती है। जिस तरह से विपत्ति के समय पत्नी की परीक्षा होती है और अग्नि में सोने की परीक्षा होती है इस प्रकार विद्वानों की परीक्षा भागवत में होती है पर आजकल गुरु मुख से सुने बिना गुरु से अध्ययन किए बिना ही लोग भागवत करना प्रारंभ कर देते हैं इसलिए अर्थ का अनर्थ कर डालते हैं।

उन्होंने कहा कि इसलिए भागवत कथा का मूल तत्व श्रोताओं के हाथ नहीं लगता है भागवत क्यों सुनना चाहिए इससे हमको क्या फायदे होते हैं इसका ज्ञान नहीं हो पाता। भागवत कथा के महत्व में प्रथम दिन बताया गया कि अगर हम पाप नहीं भी करते हैं और पापी व्यक्ति के साथ करते हैं तो हमको भी उसके बराबर पाप लगता है मदिरा पीने वाले का साथ नहीं देना चाहिए स्वर्ण चुराने वाले का साथ नहीं करना चाहिए झूठ बोलने वाले व्यक्ति का साथ नहीं करना चाहिए नहीं तो उसके बराबर पाप लगता है। इसलिए भागवत हमको कुसंगति से दूर रखना की शिक्षा देती है। भागवत कथा से केवल प्रेत योनि से मुक्ति ही नहीं मिलती, बल्कि हमको ज्ञान प्रदान करती है क्योंकि बिना ज्ञान के व्यक्ति कोई कार्य नहीं कर सकता और भक्ति के ज्ञान बैराग्य पुत्र जब बेहोश हो जाते हैं तो भागवत कथा से ही उनको चैतन्यता आती है और भक्ति की पुष्टि होती है।

सनकादि महात्माओं ने नारद जी को भागवत कथा सुनाई। कथा सुनने के लिए केवल ग्रहस्तों का ही नियम नहीं बताया संतो को भी कथा सुनाई चाहिए वरना गलत मार्ग पकड़ लेते हैं और पतन हो जाता है संक महात्माओं ने हरिद्वार में नारद जी को भागवत कथा श्रवण कराई प्रभाव से नारद जी का श्राप रुक गया और एक हफ्ता एक जगह रख कर कथा सुनी मां पर सभी देवी देवता गंगा आदि नदी प्रकट हो गई जहां कथा होती है सब देवताओं का निवास अपने आप हो जाता है और ध्यान लगाकर कथा सुनते हैं ब्रह्मा जी ने भी ब्रह्मलोक में तराजू में भागवत का पुण्य फल रखा दूसरे तराजू में ज्ञान कर्म यज्ञ तप आदि का फल रखा लेकिन भागवत का पल्ला भारी रहा।

### मध्यरात्रि राजगढ़ मुख्यालय पर मचाया आतंक, सराफा व्यापारियों की दुकानों पर निशाना

# आधी रात सर्राफा साफ, 5 से 6 लाख का माल ले उड़े हथियारबंद बदमाश

**खास बातें**

- एक जिन व्यापारी के यहां चोरी हुई घटना के कुछ समय बाद अटेक से उनका निधन
- पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय विधायक सहित अन्य अधिकारियों ने किया मौका-मुआयना



हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

पुलिस की नाईट पेट्रोलिंग को एक बार फिर से धता बताते हुए राजगढ़ मुख्यालय पर बुधवार-गुरुवार की मध्यरात्रि 15 से अधिक हथियारबंद अज्ञात डकैतों ने किला क्षेत्र में बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। इन बदमाशों ने दो सराफा कारोबारोरियों के यहां से करीब 5-6 लाख की नकदी, ज्वेलरी सहित अन्य सामानों पर हाथ साफ किया। एक अन्य कारोबारियों के यहां भी ये सेंध लगाने के प्रयास में नाकामयाब रहे।

किला क्षेत्र में इन वारदातों को अंजाम देने के बाद ये डकैत/चोर इतने पर भी नहीं रुके और बांसवाड़ा क्षेत्र में एक युवक की बाईक चुरा ले गए। रात्रि करीब 3.30 पर हुई इस घटना की जानकारी लगते ही पूरे नगर में सुरक्षा के लिहाज से दहशत मच गई। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे दुःखद यह भी हुआ कि एक जिन व्यापारी के यहां चोरी हुई उनका गुरुवार दोपहर को अचानक हृदयाघात से निधन हो गया।

### रात 3 बजे लट्ठ, हथियारों से लैस होकर पहुंचे बदमाश

राजगढ़ नगर के किला क्षेत्र में सराफा व्यापारी राजू सरार्फ के यहां सबसे पहले वारदात को अंजाम दिया गया। यहां बदमाशों ने उनकी दुकान का शटर उचकाकर करीब 4 लाख रुपए नकद एवं चांदी की ज्वेलरी चुराई। इसी मकान में सचिन सोनी की दुकान का ताला तोड़कर तिजोरी में रखी गुल्लक निकालकर उसमें रखे करीब 40 हजार रुपए व ज्वेलरी पर भी हाथ साफा कर दिया।



15 से अधिक की संख्या में आए इन बदमाशों ने समीप के मुकेश सोनी की दुकान पर भी हाथ साफ करने का प्रयास किया लेकिन इस बीच आसपास के निवासियों द्वारा चोर-चोर पुकारने से घबराए बदमाश जितना हाथ लगा उतना माल लेकर पुरानी कोतवाली के पास छारबाग वाले रास्ते से भाग खड़े हुए। इसके उपरान्त उन्होंने बांसवाड़ा मुक्तिधाम के समीप खड़ी युवक कमल मेवाड़े की बाईक भी चुरा ली।

### शोर मचा तब भागे बदमाश

किला क्षेत्र में जब सभी बदमाश वारदातों को अंजाम दे रहे थे उसी समय मुर्तजा वोहरा को आहट आने पर जब उन्होंने घर से झांककर देखा तो उनके होंश फाख्ता हो गए। हालांकि, उन्होंने धीरज नहीं खोया और तुरंत पुलिस को इत्तिला देने के साथ ही बड़ी तेज आवाज में चोर-चोर मचाया। इसके चलते सभी बदमाश भाग खड़े हुए। इस दौरान उनके द्वारा फेंके गए पत्थरों से मुर्तजा को भी कंधे पर चोट आई।

### बांसवाड़ा क्षेत्र में युवकों ने दिखाया साहस

किला क्षेत्र में वारदात को अंजाम देने के बाद जब ये बदमाश बांसवाड़ा क्षेत्र के रास्ते भाग रहे थे तब अमित मेवाड़े, कमल मेवाड़े, गोलू मेवाड़े, प्रकाश चैरासिया ने उनका सामना करने का प्रयास भी किया। इस दौरान बदमाश एक थैला भी आनन-फानन में मौके पर गिरा गए जिसे बाद में इन युवकों ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

### वारदात के कुछ घंटे बाद व्यापारी का निधन

किला क्षेत्र में जिन सुमित सोनी के यहां बदमाशों ने चोरी को अंजाम दिया था उनके पिता सुंदरलाल सोनी को जब इस की खबर मिली तो दोपहर करीब 2 बजे उन्हें हार्टअटैक आ गया। इस दौरान नवयुवक गौसेवा समिति के युवकों ने सीपीआर इत्यादि देकर उनकी जान बचाने का भरसक प्रयास किया लेकिन वे नहीं बच पाए।

### इनका कहना है

घटना की पतारसी के लिए पांच विशेष टीमें गठित की गई हैं। सीसीटीवी, तकनीकी साक्ष्यों सहित अन्य सभी पहलुओं के आधार पर बदमाशों का पता लगाया जा रहा है। वे जल्द सलाखों के पीछे होंगे।

**- अमित तोलानी**, पुलिस अधीक्षक, राजगढ़

### हम हैं धरती के दूत रहेगी इस वर्ष के अनुभूति शिविरों की थीम

# मध्य प्रदेश इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड कल से शुरू होगी जंगल की पाठशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरसिंहगढ



वन विभाग एवं मध्य प्रदेश इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किये जाने वाले स्कूली विद्यार्थियों के प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम अनुभूति के इस वर्ष के शिविरों का आयोजन राजगढ़ वन मण्डल में भी 26 दिसम्बर से 31 जनवरी के मध्य किया जाएगा।

पूरे प्रदेश में 472 वन परिक्षेत्रों में 950 से भी अधिक शिविरों के माध्यम से लगभग 1 लाख 20 हजार बच्चों को प्रशिक्षित किये जाने की तैयारी की गई है। विगत 9 वर्षों से अनुभूति शिविरों के मास्टर ट्रेनर भगवती शरण शर्मा से प्राप्त जानकारी अनुसार शिविर में आने वाले विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएगी जिनमें कि पक्षी एवं वन्य प्राणी दर्शन, प्रकृति पथ भ्रमण, प्रकृति की पाठशाला, वानिकी गतिविधियों की जानकारी, वन, वन्य प्राणी एवं पर्यावरण के महत्व का रेखांकन, विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान, प्रश्नोत्तरी, वन अमले का परिचय, परिचर्चा, सांस्कृतिक गतिविधियां, नेचर वॉलिंटियर फोर्स का गठन, पर्यावरण रक्षा की सामूहिक शपथ के साथ पुरस्कार वितरण आदि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, शिविर में आने वाले विद्यार्थियों के लिए चाय, नाश्ता, भोजन आदि की व्यवस्था भी वन विभाग द्वारा की जा रही है।

राजगढ़ जिले के तीनों वन परिक्षेत्रों से 2-2 शिविरों के मान से कुल 6 शिविरों का आयोजन वन्यप्राणी अभ्यारण्य, चिड़ीखोह में किया जावेगा।

### इस वर्ष की थीम हम हैं धरती के दूत

म.प्र. एकोटूरिज्म बोर्ड द्वारा पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवाचार करते हुए आगंतुक विद्यार्थियों को पर्यावरण हितेषी जीवनशैली को प्रोत्साहित करने एवं नई पीढ़ी को जिम्मेदारी पूर्वक पृथ्वी के परिष्तिथिकीय तंत्र के संरक्षण के लिए तैयार करने के उद्देश्य से इस वर्ष की थीम हम हैं धरती के दूत रखी गयी है जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन शिविर मैं आने वाले विद्यार्थियों के लिए विभाग द्वारा किया जावेगा।

### सडक नाम परिवर्तन पर होगी सियासी जंग

**ब्यावरा।** नगरपालिका द्वारा ब्यावरा नगर के राजगढ़ रोड, जो शासकीय अभिलेख मे स्वर्गीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम से दर्ज है उसको बिना किसी कारण से परिवर्तित कर द्वेष की मानसिकता का परिचय दिया है साथ ही भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत को अपमानित किया है। नाम परिवर्तन के विरोध मे ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व मे तथा सभी सम्मानीय स्थानीय वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति मे 28 दिसंबर को ज्ञापन एसडीएम ब्यावरा को दिया जाएगा। आप सभी सम्मानीय कांग्रेस परिवार ,युवा कांग्रेस ,एन एस यू आई ,महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, अनुसूचित जाति कांग्रेस, पिछडा वर्ग कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस सहित सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथियो से सादर अनुरोध है की इस कार्यक्रम मे सम्मिलित हो कर इस कांग्रेस पार्टी की आवाज को बुलंद करें।

### सकल हिंदू समाज का जनवरी माह में आयोजन

# राजगढ़ क्षेत्र के 84 हनुमान मंदिरों की करेंगे पदयात्रा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

सनातन और धर्मभाव को बढ़ावा देने नगर के सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में आगामी 24 जनवरी 2026 से 30 जनवरी तक सात दिवसीय 84 हनुमान दर्शन यात्रा का आयोजन करवाया जाने वाला है। नगर के लगभग 80 हनुमान मंदिरों सहित चार अन्य हनुमान मंदिरों के लिए यह पैदल यात्रा की जाएगी। यात्रा के समापन उपरान्त मां जालपा धाम पहाड़ी की पैदल परिक्रमा भी सैकड़ों धार्मिकजनों द्वारा की जाएगी। उक्त आयोजन की तैयारियों को लेकर गत दिवस भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान संपूर्ण यात्रा के संबंध में विस्तृत रूपरेखा तैयार की करते हुए आधिकाधिक हिन्दू समाज को इस आयोजन से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। श्री शर्मा ने बताया कि यात्रा के अंतिम दिवस 30 जनवरी को जालपा मैया की पहाड़ी की पैदल परिक्रमा उपरान्त पूजा-आरती एवं प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### सकल हिन्दू समाज ने किया पुतला दहन, सड़कों पर की जमकर नारेबाजी

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में रैली निकाल कर किया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारंगपुर

पडोसी देश बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचार, उत्पीड़न और हिंसक घटनाओं के विरोध में गुरुवार को सकल हिन्दू समाज, सारंगपुर के तत्वावधान में नगर में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में हिन्दू समाजजनों ने एकजुट होकर पैदल रैली निकालते हुए बस स्टैंड पर मोहम्मद युनुस का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर के मुखर्जी चैक से हुई, जहां सकल हिन्दू समाज के सैकड़ों सदस्य एकत्रित हुए। वहां से नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पैदल रैली निकाली गई। रैली के दौरान हाथों में तख्तियां और भगवा ध्वज लिए प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने तथा भारत सरकार से ठोस हस्तक्षेप की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। रैली का समापन नगर के बस स्टैंड पर किया गया, जहां बांग्लादेश सरकार का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर लगातार हमले, मंदिरों में तोडफोड, घरों को जलाना और महिलाओं पर अत्याचार जैसी घटनाएं अत्यंत निंदनीय हैं। वक्ताओं ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस गंभीर मुद्दे को उठाकर बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाए।

# हिन्दू सम्मेलन की तैयारियां को लेकर बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारंगपुर

नगर में आगामी 18 जनवरी को आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोरदृशोर से प्रारंभ हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को सुदर्शन बस्ती स्थित माता मंदिर परिसर में सर्व हिन्दू समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर एवं आसपास की बस्तियों से बडी संख्या में सामाजिक, धार्मिक एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं, प्रचारदृप्रसार एवं सहभागिता बढाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

# सुंदरपुरा प्रस्फुटन समिति की बैठक आयोजित हुई, लिए कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ माचलपुर

समीपवर्ती गांव सुंदरपुरा में विकास प्रस्फुटन समिति की बैठक गांव के श्री राम मंदिर पर रखी गई जिसमें ग्राम प्रस्फुट समिति समिति के अध्यक्ष मांगीलाल लववंशी सचिव राहुल शर्मा एवं समित के सभी सदस्य और गांव के नागरिक उपस्थित रहे बैठक में नवांकुर समिति श्री महावीर चाठा कुंडी बालाजी शिक्षण समिति के अध्यक्ष दिनेश लववंशी सचिव राधेश्याम लववंशी उपस्थित रहे कई




बिंदुओं पर चर्चा की गई जैविक खेती जल संरक्षण अभियान नशा मुक्ति पर्यावरण बचाओ स्वच्छता स्वास्थ्य आदि सामाजिक मुद्दे प्रमुख रहे।

# शासकीय मॉडल स्कूल खुजनेर में प्रेरक कार्यक्रम किया गया संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खुजनेर

शासकीय उच्चतर माध्यमिकविद्यालय खुजनेर में शिक्षाविद सत्यनारायण शर्मा एवं प्रेम नारायण नागर की उपस्थिति में एक प्रेरणादाई कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें सत्यनारायण शर्मा के द्वारा कक्षा 12वीं के छात्रों को आध्यात्मिक भावनाओ से जोडते हुए,यह समझाने का प्रयास किया गया कि जिस तरह शरीर के विकास के लिए संतुलित एवं पोषित भोजन की आवश्यकता होती है,उसी तरह मन को भी भोजन के रूप मे अच्छे विचारों



की आवश्यकता होती है क्योंकि दूषित विचारों से मन दूषित हो जाता है प्रेमनारायण नागर ने अनुभव से कक्षा 12 के छात्रों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। इसमें संस्था प्राचार्य आशीष गुप्ता गिरवर नागर,राजेश पाटीदार,गोविंद गुप्ता एवं जितेंद्र कुमार यादव ने मार्गदर्शन दिया।

# विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर शोभायात्रा निकाली



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जीरापुर

समग्र हिन्दू समाज को जाग्रत करने के उद्देश्य से हिन्दू सम्मेलन का आगाज अक्षत कलश , शोभा यात्रा एवं नवीन हाट बाजार तालाब परिसर में भुमि पुजन से हुआ। आगामी 11 जनवरी26 को होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर नगर में शोभा ,कलश यात्रा एवं भुमि पुजन का भव्य आयोजन हुआ।

यात्रा में पुरुषों के साथ बडी संख्या में महिलाओं शामिल हुए। महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण किए यात्रा को सुशोभित कर रही थी वहीं युवा वर्ग एवं पुरुष भगवान के जयकारे लगाते चल रहे थे तथा हनुमान चालीसा का नगर मुख्य इंदर चैराहे पर पाठ किया। ाोभायात्रा रामलीला चैक से शुरू होकर बुधवारिया बाजार अटल चोक से होती हुई खिलचीपुर नाका नवीन हाट बाजार परिसर में पं. अनुराग जी शर्मा द्वारा मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना से भूमि पूजन किया गया। यात्रा में रथ पर विराजमान राम लखन की झांकी आकर्षण का केंद्र रही पुजा अर्चना उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।

## राष्ट्रनिष्ठ विचारक, ओजस्वी वक्ता एवं पूर्व पीएम की जन्म जयंती पर हुए आयोजन

### भारत रत्न अटल बिहारी की प्रतिमा का हुआ अनावरण

# सुशासन दिवस पर राजगढ़ रोड अब बना अटल बिहारी मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा

सुशासन के प्रणेता, राष्ट्रनिष्ठ विचारक, ओजस्वी वक्ता एवं पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के पावन अवसर पर ब्यावरा नगर को एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण सौगात प्राप्त हुई। नगर के प्रमुख पीपल चैराहे पर अटल जी की भव्य प्रतिमा का विधिवत अनावरण प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार एवं सांसद रोडमल नागर द्वारा पूर्ण विधि-विधान के साथ किया गया।

इस अवसर पर नगर के विकास और स्मृति-संरक्षण की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई। अब ब्यावरा नगर का प्रमुख राजगढ रोड, देश के महान नेता की स्मृति में 'अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग' के नाम से जाना जाएगा। यह निर्णय नगर के इतिहास में एक नई पहचान और गौरव का अध्याय जोडने वाला माना जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचार, संस्कृति और राष्ट्रसेवा की जीवंत मिसाल थे। वे भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे, जिनकी स्वीकार्यता सभी दलों और विचारधाराओं में समान रूप से रही।

उन्होंने कहा, "हमारा ब्यावरा एक





उभरता हुआ आधुनिक नगर है। पीपल चैराहे पर अटल जी की प्रतिमा की स्थापना से नगर को वैचारिक ऊर्जा और सांस्कृतिक पहचान मिलेगी। अटल जी के विचार आज भी हमें राष्ट्रहित में निर्णय लेने की प्रेरणा देते हैं।" मंत्री पंवार ने अटल जी के जीवन से जुड प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी राजनीति राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर आधारित थी। उन्होंने 1994 का उदाहरण देते हुए बताया कि कांग्रेस सरकार के समय, तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हा राव ने विपक्ष के नेता होने के बावजूद अटल जी पर भरोसा जताया और उन्हें संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग, जेनेवा में भारत का पक्ष रखने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सौंपा। यह वह क्षण था, जब दल से ऊपर देश को रखा गया और अटल जी की राष्ट्रनिष्ठा पर सम्पूर्ण देश को गर्व हुआ,। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष लीलादेवी कुशवाह, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, जिला महामंत्री देवी सिंह सौंधिया, ममता इंदौरिया, जिला उपाध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी, जगदीश पंवार,जसवंत गुर्जर, अमित शर्मा, रामनारायण दांगी, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, जयेंद्र गुर्जर, बलवान सिंह , पार्षदगण, एसडीएम गोविंद कुमार दुबे,सीएमओ इकरार अहमद, सहित जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### अटल जी के विचारों ने राजनीति को सही दिशा और समाज को विश्वास दियाः सांसद नागर

सांसद रोडमल नागर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी केवल नेता नहीं, बल्कि विचारधारा और संवेदना का संगम थे। उन्होंने कहा, "अटल जी ने अपने विचारों को जीवन में उतारकर दिखाया। उन्होंने सिखाया कि सत्ता में रहते हुए भी विनम्रता और जनसंवेदना कैसे बनाए रखी जाए।"

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती



**सारंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद के नेतृत्व में गुरुवार को नगर के अटल चैक पर पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्म जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अटल चैक स्थित उनकी प्रतिमा पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक एवं पार्टी के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित किया। पोखरण में किए गए परमाणु परीक्षण के माध्यम से उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित किया।